an>

Title: Need to check the quality standard of material used in the construction of Kamhariya Ghat bridge in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency .

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर के एक बहुत ही महत्वपूर्ण पुल के बारे में सरकार का ध्यान आकृÂट करना चाहूंगा। जनपद गोरखपुर एवं जनपद अंबेडकर नगर में नाबार्ड द्वारा वित्तपोÂिात कमरियाघाट पर एक पुल का निर्माण हो रहा है। उस पुल में गुणवत्ता के अनुसार काम नहीं हो रहा है और मानकों का पालन न होने की वजह से पुल भविÂय में कभी भी गिरने के कगार पर पहुंच जाएगा तथा उसके निर्माण में विलंब भी हो रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि उसकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए और उस पुल को अविलंब पूर्ण कराया जाए।